करौली-धौलपुर के दो युवकों को हथियार समेत एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने दबोचा

जयपुर में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में महेश नगर इलाके में घूम रहे थे आरोपी

जयपुर (कासं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने जयपुर आयुक्तालय के महेश नगर क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से धौलपुर व करौली निवासी दो युवकों को हथियार समेत दबोचा है। आरोपित जयपुर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने आए थे, लेकिन इससे पहले की एजीटीएफ की गिरफ्त में आ गए। टीम ने इनके पास से दो अवैध पिस्टल मय मैगजीन व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एम एन ने बताया कि गैंगस्टर, लंबे समय से फरार बदमाशों, इनामी अपराधियों की जानकारी जुटा धर पकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय से एजीटीएफ को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है। उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में एक टीम जयपुर में ऐसे अपराधियों के बारे में जानकारी

जुटा रही है।

इसी दौरान टीम के सदस्य एएसआई बनवारी लाल और हैड कांस्टेबल हेमंत शर्मा को सूचना मिली कि दो बदमाश जयपुर के महेश नगर इलाके में जेडीए पार्क के पास खड़े हैं, जो किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। यह जानकारी महेश नगर थाना पुलिस से साझा की गई। जहां से सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने दोनों



युवकों को घेर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में इन्होंने अपना नाम विनोद मीणा पुत्र लखन सिंह (19) निवासी थाना लांगरा जिला करौली एवं देवेश कुमार मीणा पुत्र सुनहेरी लाल (24) निवासी कंचनपुर थाना सरमथुरा धौलपुर बताया।

पुलिस ने तलाशी ली तो इनके पास अवैध हथियार दो अवैध पिस्टल मय मैगजीन व दो जिंदा

- **आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो पिस्टल, मैगजीन और 2 जिंदा कारतूस बरामद किया**

कारतूस मिले। जिन्हें जब्त कर दोनों युवकों को थाना महेश नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त, इनके अन्य साथियों एवं जयपुर में किस वारदात के लिए हथियार लेकर घूम रहे थे। इसके बारे में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। एएसपी सिद्धांत शर्मा व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एएसआई बनवारी लाल व हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा की मुख्य भूमिका तथा कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र व गंगाराम की तकनीकी भूमिका रही। महेश नगर थाने से सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मय टीम का गिरफ्तारी में सराहनीय सहयोग रहा।

सोना तस्करी के आरोपी को दुबई जाने की सशर्त छूट

जयपुर। राजधानी जयपुर में 60 लाख रु. की सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार मोहम्मद रज्जाक को नौकरी के लिए 2 माह तक दुबई जाने की सशर्त इजाजत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दी है। इस मामले में याचिकाकर्ता मो. रज्जाक की ओर अदालत में पैरवी के लिए अधिवक्ता सहबान नकवी पेश हुए थे।

उन्होंने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता दुबई (यूएई) में नौकरी करता है, उसे काम के सिलसिले में वहां जाना होता है। इस पर अदालत ने सशर्त राहत दी है। अदालत ने आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता विदेश में अपने निवास का पता, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी न्यायालय में पेश करेगा। साथ ही 3 लाख रु. की राशि अदालत में जमा करवायेगा, वापस लौटने के 3 दिन के भीतर अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करवायेगा। अगर अदालत में उसकी पेशी होगी तो वह 7 दिन के भीतर कोर्ट में हाजिर होगा, उसे समयावधि बढ़ाने अथवा मेडिकल लीव जैसी कोई राहत नहीं दी जायेगी। अगर वह तय समय पर नहीं लौटता है तो 3 लाख रु. की जमा राशि भी जब्त कर ली जायेगी।

यू.ई.एम. जयपुर में हुई क्विज प्रतियोगिता

जयपुर। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के फाइनेंस क्लब फिनडैजलर्स ने अपने बहुप्रतीक्षित इंडक्शन इवेंट, नवोदय क्विज प्रतियोगिता की मेजबानी की। नवोदय क्विज़ प्रतियोगिता फ़िनडैज़लर्स कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को क्लब और वित्त की गतिशील दुनिया से परिचित कराना था। प्रतियोगिता ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की टीमों को आकर्षित किया, जिसने वित्त और अर्थशास्त्र में अंत:विषय रुचि को उजागर किया। कुल दस टीमों ने क्विज़ में भाग लिया, और वित्तीय विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। क्विज़ को कई राउंड में संरचित किया गया था, प्रत्येक को प्रतिभागियों के ज्ञान की गहराई और चौड़ाई का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। राउंड में रैपिड-फायर प्रश्न और बहुविकल्पीय खंड शामिल थे, जिसने कार्यक्रम में उत्साह और चुनौती की परतें जोड़ दीं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, तीन टीमें विजयी हुईं, जिन्होंने क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को उनके प्रदर्शन के लिए प्रशंसा और प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में नकद पुरस्कार दिए गए।

जयपुर में हैरिटेज संरक्षण और विकास पर 100 करोड़ रु. खर्च करेगी सरकार : दिया कुमारी

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में जयपुर शहर के हेरिटेज संरक्षण और विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जिससे जयपुर शहर में हेरिटेज संरक्षण और विकास पूर्ण नियोजन के साथ किया जाना है। उसी प्लान की तैयारियों के परिपेक्ष्य में मंगलवार को जयपुर शहर के विभिन्न स्थलों का जायज़ा लिया है और जयपुर की हेरिटेज से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए निर्देशित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से जयपुर शहर को विरुपण से बचाने के साथ ही हेरिटेज को संरक्षित किया जाना है। इसके साथ ही जल महल की पाल का पुन: विकास कर वहां बोटिंग शुरू करवाना है। किशनपोल बाजार स्थित महाराज'ज स्कूल ऑफ आर्ट को फिर से विकसित किया जाना प्रमुख बिंदु हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को प्रात: जयपुर की चारदीवारी क्षेत्र और पर्यटन महत्व के अन्य स्थनों का सघन दौरा किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ जयपुर नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराना, ट्रेफिक डीसीपी प्रीति चंद्रा, उपनिदेशक पर्यटन विभाग उपेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद रहे।

दिया कुमारी ने प्रात: 8 बजे से चारदीवारी शहर का निरिक्षण शुरू किया जिसमें उन्होंने सिटी पैलेस चांदनी चौक से होते हुए त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट तक निरीक्षण किया। साथ ही जल महल से लेकर आमेर मावठे तक का लगभग दो घंटे सघन निरीक्षण किया।

दिया कुमारी ने सबसे पहले सिटी पैलेस के ही बाहर चांदनी चौक की सफाई का निरिक्षण किया। साथ ही बिल्डिंग्स पर लटके हुए वायर्स व पोल्स को ठीक करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने त्रिपोलिया-छोटी चौपड़ के बाज़ारों में लगे हुवे पोस्टर्स बैनर्स को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सब हमारी हेरिटेज को विरुपित (डिफेस) कर रहे हैं। दिया कुमारी ने बाजार में निरीक्षण करते समय कहा कि दुकानों के नाम रंग-बिरंगे होने की जगह एक ही कलर में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के बायलाज के हिसाब से ही कलर होना चाहिए। जिससे एक रुपता रहेगी और शहर सुन्दर दिखेगा। उपमुख्यमंत्री ने वॉल्ड सिटी में डस्टबिन भी अलग कलर के लगाने को निर्देश दिए जो कि जयपुर शहर के हेरिटेज रंग के ही होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि डिवाइडर पर लगे पोल्स पर किसी भी तरह के पोस्टर बैनर नहीं लगे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्त-व्यस्त तरह से लगे कैबल्स वायर्स शहर की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं इन्हें हटाया जाए।

नाहरगढ़ की पहाड़ी पर घूमने गए दो भाईयों में से एक का शव मिला, दूसरा अभी भी लापता

पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने करीब 10 से 12 किमी. दूरी में जंगल खंगाल लिया, लेकिन अभी तक लापता बच्चे का सुराग नहीं

जयपुर। नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने गए दो भाईयों में से एक का शव मिल चुका है, लेकिन दूसरे भाई का 45 घंटे बाद भी सुराग नहीं लग पाया है। एसडीआरएफ सहित पुलिस की टीम लापता युवक को खोजने में जुटी है, लेकिन फिलहाल उनका सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम करीब 10 से 12 किमी जंगल को छान चुकी है। लेकिन अभी तक लापता बच्चे को लेकर कोई सुराग नहीं मिला है।

एसीपी शास्त्रीनगर भोपाल सिंह भाटी ने बताया कि युवक का मोबाइल भी बंद आ रहा है, ऐसे में उसकी वास्तविक लोकेशन नहीं मिल पा रही है। ऐसे में कई घंटों बाद भी उसकी खोज में सफलता नहीं मिल पा रही है। बच्चों की तलाश रविवार रात को शुरू की गई थी इसमें सोमवार सुबह एक का शव झाडियों में मिल गया था जिसके सिर के पीछे चोट के निशान मिले है और उसका बड़ा भाई लापता है।

सिविल डिफेंस के डिप्टी कंट्रोलर अमित कुमार ने बताया कि उनकी टीमें शिफ्ट बदल-बदल कर सर्च कर रही हैं। दो भाइयों में से एक आशीष पाराशर की बॉडी मिलने के बाद उम्मीद थी कि राहुल भी एक-दो किलोमीटर के इलाके में ही मिल सकता है। लेकिन वह अभी तक नहीं मिला। एनडीआरएफ और जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने राहुल को सर्च करने के लिए ड्रोन भी इस्तेमाल किया। सोमवार को झाडी में आशीष का शव मिलने से परिवार काफी टूट गया है। उन्हें उम्मीद है कि राहुल सही सलामत मिलेगा। अधिकारियों की मानें तो मौके पर शव देखने से लगा



नाहरगढ़ की पहाड़ी पर जंगल में गुम हुए युवक को तलाशने में पुलिस और एस.डी.आर.एफ. की टीमें मंगलवार को दिनभर जुटी रही।

कि वह डर से झाडी में घुसा है। वह किससे डर के झाड़ी में गया। इसे लेकर कयास हैं कि वह अंधेरे या किसी जानवर से डर कर छिपा होगा। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य उठाए है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकता है।

शास्त्रीनगर थाना इलाके की परबतिया कॉलोनी निवासी राहुल पाराशर (21) और उसका छोटा भाई आशीष (19) रविवार सुबह 6 बजे नाहरगढ़ की पहाड़ी पर चरण मंदिर जाने की कह कर निकले थे। इसके 5 घंटे बाद सुबह 11 बजे पिता के फोन पर आशीष ने कॉल कर बताया कि चरण मंदिर से लौटते वक्त वे रास्ता भटक गए हैं। दोपहर 1 बजे तक उनके मोबाइल फोन पर रिंग जाती रही, लेकिन फोन उठाया नहीं गया। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। तब परिजन शास्त्री नगर थाने पहुंचे। पिता सुरेश पाराशर शास्त्री नगर में ही कांजी बड़े की दुकान चलाते हैं। राहुल एमए की पढ़ाई कर रहा है, जबकि आशीष बीए की पढ़ाई कर रहा था। नाहरगढ़ की पहाड़ियों में जहां रेस्क्यू चलाया जा रहा है। वहीं, आसपास का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में नाहरगढ़ जाने के रास्ते में एक लेपर्ड घूमता दिख रहा है। कार के पास पहुंचते ही लेपर्ड जंगल में भाग जाता है।

सार-समाचार

"श्री गुरुग्रंथ साहिब जी-कुछ तथ्य" पुस्तिका का विमोचन

जयपुर। सिक्ख धर्म के मौजूदा गुरु, गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश गुरपुरब को समर्पित पुस्तिका "श्री गुरुग्रंथ साहिब जी-कुछ तथ्य" का विमोचन राजस्थान सिक्ख समाज के अध्यक्ष, सरदार अजय पाल सिंह एवं कौन बनेगा गुरसिख बच्चा के अध्यक्ष, सरदार जसबीर सिंह द्वारा 3 सितंबर को किया गया। यह पुस्तिका सुखमनी सेवा सोसायटी बनी पार्क द्वारा प्रकाशित की गई है। इस दौरान सोसायटी की पिंकी सिंह, सूर्य उदय सिंह, चेतन नागपाल, जगमोहन सिंह आनंद, सरवजीत कौर व जगदीप सिंह उपस्थित रहे। पुस्तिका में प्रश्न-उत्तर के माध्यम से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। सोसायटी की पिंकी सिंह द्वारा संकलित इस पुस्तिका का उद्देश्य सिक्ख बच्चों एवं अन्य व्यक्तियों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब से जुड़े तथ्यों और इतिहास से अवगत कराना है। इस अवसर पर सरदार अजय पाल सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोसायटी के सदस्यों की इस पहल की सराहना की। उन्होंने सोसायटी के सदस्यों को बधाई देते हुए बच्चों के लिए इस पुस्तिका से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन करवाने का आश्वासन भी दिया। सरदार जसबीर सिंह ने सोसायटी सदस्यों का धन्यवाद किया।

जे.बी.एल. ने पेश किया नया कैम्पेन

जयपुर। प्रतिष्ठित ऑडियो ब्रांड, जेबीएल ने अपने फेस्टिव कैम्पेन इंजीनियर्ड फॉर इमोशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह कैम्पेन ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने के लिए जेबीएल की प्रतिबद्धता दर्शाता है, जो न सिर्फ शानदार साउंड प्रदान करते हैं, बल्कि भावनाओं को भी जाग्रत करते हैं। यह कैम्पेन सितंबर से लेकर नवंबर तक चलेगा, जिसका लक्ष्य ऑडियो के प्रति विशेष रुझान रखने वाले यूज़र्स को ऑडियो के सबसे बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। विक्रम खेर, वाइस प्रेसिडेंट, लाइफस्टाइल हारमन इंडिया ने बताया कि जेबीएल का फेस्टिव कैम्पेन आपके ऑडियो अनुभव को बेहतर बनाने का वादा करता है। टीडब्ल्यूएस-हेडफोन सेगमेंट में, ट्यून बीम व बड्स और ट्यून 770 एनसी सुपीरियर साउंड और कम्फर्ट प्रदान करते हैं। प्रीमियम नॉइस-कैंसलिंग के लिए, लाइव प्रो 2, लाइव बीम 3 और टूर वन एम2 बेहतरीन स्पष्टता प्रदान करते हैं। बार सीरीज़ साउंडबार्स आपके लिविंग रूम में डॉल्बी एटमॉस और मल्टीबीम टेक्नोलॉजी के साथ सिनेमेटिक सराउंड साउंड की पेशकश करते हैं।

जैन बैंकर्स फोरम करेगी मंदिरों की देखभाल

जयपुर। जैन बैंकर्स फोरम ने शिखर चंद कासलीवाल साईवाड़ वाले और सुधीर बिलाला के आव्हान पर जयपुर चार दीवारी के आउट स्कर्ट में स्थित विजय लाल जी पांड्या की नसियां में प्रतिमाओं का परिमार्जन किया। इस कार्य में जैन बैंकर्स फोरम की ओर से भागचंद जैन मित्रपुरा, निर्मल कुमार पाटौदी, कमल चंद सेवा वाले एवं दुर्गापुरा से सुनील काला चंदलाई वाले ने मनोयोग से अपना योगदान दिया एवं जिन प्रतिमाओं का परिमार्जन किया। इस मंदिर के आसपास वर्तमान में ज्यादा परिवार नहीं है। वर्तमान में चार दिवारी मे स्थित मंदिरों की समय समय पर देखभाल में जैन बैंकर्स के सदस्य समाज का हिस्सा बनने की भावना रखते है।

जवाहर कला केन्द्र में उत्सव-24 संपन्न

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में चल रहे भाव सुर ताल के दो दिवसीय स्वर भाव उत्सव-24 के आखिरी दिन मंगलवार को सितार-हारमोनियम की कमाल की जुगलबंदी के साथ गायन और बाल, किशोर वर्ग की तबला कचहरी की सलोनी प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहीं, जिसने बड़ी तादाद में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। युवाओं में शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के मकसद से हुए कार्यक्रम के पहले दिन कलाकार इशांत सक्सेना का एकल तबला वादन और मिष्ठी सिंह के एकल कथक की प्रस्तुति को भी काफी सराहा गया था।

मांस की दुकानों पर निगम की कार्रवाई

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देश पर उपायुक्त पशु प्रबंधन मनोज कुमार वर्मा एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेन्द्र चिराणा के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाकर अवैध मीट की दुकानों, थड़ियों पर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेन्द्र चिराणा, अशोक मीणा सहित पशु प्रबंधन शाखा की टीम मौजूद रहे। गत 28 अगस्त से चल रहे इस अभियान के तहत अब तक पांच दिन में 4 लाख 48 हजार से अधिक कैरिंग चार्ज वसूल किया जा चुका है तथा 760 किलो से अधिक अवैध मीट मांस जब्त किया जा चुका है। 17 से अधिक दुकानों, थड़ियों को सीज किया जा चुका है एवं 16 अवैध थड़ियों को मौके पर ही ध्वस्त किया जा चुका है। इसके साथ ही 555 जिंदा मुर्गो एवं 7 बकरो को जब्त किया। अब तक लालरपुरा, गिरधारी पुरा, बजरी मण्डी 200 फीट बाईपास, जगतपुरा, झालाना व जगतपुरा कच्ची बस्ती में कार्रवाई की।

राज्य सरकार को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस गोल्ड पुरस्कार

सिलिकोसिस रोग की पहचान के लिए टेली-रेडियोलॉजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के अभिनव प्रयोग पर मिला है यह सम्मान

जयपुर। केन्द्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग के तहत उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए राज्य सरकार को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस (गोल्ड) पुरस्कार 2024 से मुम्बई में मंगलवार को आयोजित 27 वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्मानित किया है। यह पुरस्कार प्रदेश द्वारा सिलिकोसिस रोग की पहचान के लिए टेली-रेडियोलॉजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के अभिनव उपयोग और प्रभावित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के स्वत: स्वीकृति पोर्टल निर्माण के लिए प्रदान किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग

जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने अपनी टीम के सदस्य एच. गुईटे और डॉ. सिसोदिया के साथ ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और 10 लाख रुपए का कैश अवार्ड प्राप्त किया।

के सचिव डॉ समित शर्मा ने अपनी टीम के सदस्य एच गुईटे एवं डॉ सिसोदिया के साथ ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और 10 लाख रुपए का कैश अवार्ड प्राप्त किया।इस नवाचार का नेतृत्व डॉ. शर्मा ने अपने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के शासन सचिव रहते हुए किया। राज सिलिकोसिस पोर्टल सार्वजनिक सेवा वितरण में अत्याधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी और एआई के एकीकरण में एक महत्वपूर्ण प्रगति का उदाहरण प्रस्तुत करती है साथ ही नागरिक-केंद्रित शासन और स्वास्थ्य सेवा के प्रति राजस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

राज्य सरकार ने सिलिकोसिस बीमारी के निदान एवं राहत के लिए एक अभिनव आईटी समाधान विकसित किया है। जो डिजिटल एक्स-रे, टेली-रेडियोलॉजी और एआई एल्गोरिदम का उपयोग करके सिलिकोसिस की जांच को सुगम एवं त्वरित बनाता है।

खाली प्लॉट में पड़ा मिला युवक का शव

जयपुर। करधनी इलाके में एक खाली प्लॉट में मंगलवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि निवारू गांव में स्थित खाली प्लाट में युवक का शव पड़ा मिला है। युवक की लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। खाली प्लाट के पास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस कंट्रोल रुम को लाश मिलने की सूचना दी गई। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस के मौका-मुआवना करने पर लाश के पास नशे के इंजेक्शन पड़े मिले। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन उसका नाम-पता मालूम नहीं चला। पुलिस ने शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में नशे के ओवर डोज के चलते युवक की मौत होना सामने आया है। मृतक की उम्र करीब 30 साल है।

नाबालिग ने दोस्तों से खुद का अपहरण करवाकर 40 लाख की फिरौती मंगवाई

मुहाना थाना पुलिस ने साजिश रचने वाले नाबालिग को निरूद्ध कर, अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले 4 युवकों को गिरफ्तार किया

मुहाना थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले युवकों को गिरफ्तार किया।

जयपुर। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपने शौक पूरा करने के लिए एक व्यवसायी के नाबालिग लडके ने खुद के अपहरण की कहानी रच कर दोस्तों से फोन करवाकर चालीस लाख की फिरौती मांगी। पुलिस ने इस मामले में अपहरण की झूठी कहानी रचने वाले नाबालिग लडके सहित छह दोस्तों को पकड़ा है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस के पीछे पड़ने पर अपहरणकर्ता बने दोस्त व अपहरण हुआ नाबालिग अपने घर वापस लौट आए। बदमाशों से बचकर छूटकर आने की नाबालिग लडके ने व्यवसायी पिता को बोला कि वह उससे कितना प्यार करते हैं, यह चैक कर रहा था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि भरतपुर के रहने वाले व्यवसायी ने मुहाना थाने में मामला दर्ज कराया था कि वह श्याम नगर मुहाना में परिवार के साथ रहता है और मुहाना में ही कुर्ती का व्यवसाय खोल रखा है। उसका सत्रह वर्षीय नाबालिग बेटा भी पिछले दो से तीन महीने से व्यवसाय में सहयोग कर रहा था। एक सितम्बर को शाम को नाबालिग बेटा घर के पास ही पतासी खाने के लिए गया था। देर शाम फोन करने पर मोबाइल बंद मिला। घर नहीं लौटने पर काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चला।

देर रात अपहरणकर्ताओं ने उसे फोन कर कहा कि उसके का अपहरण कर लिया गया और उसे छोड़ने के लिए 40 लाख रुपए की फिरौती मांगी। और चालीस लाख रुपये नहीं दी तो इसे जान से मार देंगे। व्यवसायी ने नाबालिग बेटे का अपहरण कर चालीस लाख रुपए की फिरौती मांगने की जानकारी पुलिस को दी। आरोपित अपहरणकर्ता ऐप के जरिए मोबाइल नंबर बदलकर बार-बार कॉल कर फिरौती के लिए धमकाते रहे। साथ ही दो सितम्बर को सुबह ग्यारह बजे तक चालीस लाख रुपए की व्यवस्था करने के लिए कहा। फिरौती की रकम नहीं देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी। व्यवसायी के नाबालिग बेटे का अपहरण कर चालीस लाख रुपए की फिरौती मांगने का पता चलने पर पुलिस की टीमों को रवाना किया गया। पुलिस ने अपहरण को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में अपहरण हुआ नाबालिग एक कार में बैठता दिखाई दिया। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं की संदिग्ध कार का पीछा करना शुरू किया। साथ ही रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर अपहरणकर्ताओं द्वारा स्विफ्ट कार किराए पर लेने का पता चला। अपहरणकर्ताओं की कार का जीपीएस के जरिए पीछा करना शुरू किया।

अपहरणकर्ताओं को पकडने पुलिस टीम टोंक जा पहुंची। पुलिस को देखकर कार में बैठकर बदमाश जयपुर की ओर भाग निकले। पीछा करते हुए पुलिस टीम सोमवार रात वापस मुहाना आ पहुंची। इस बीच अपहरणकर्ताओं से छुट कर नाबालिग अपने घर जा पहुंचा। नाबालिग बेटे के सुरक्षित घर आने के बारे में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के कहने पर परिजनों को अपहरण को लेकर शक हुआ। बार-बार बात बदलने पर झूठ पकड में आने पर नाबालिग बेटा बोला कि वह चेक कर रहा था कि पापा आप मुझसे कितना प्यार करते है। सख्ती से पूछताछ में पांच दोस्तों के साथ मिलकर अपहरण का प्लान बनाना बताया। पुलिस ने देर रात दबिश देकर अपहरण में शामिल दोस्त विकास सैनी, रिंकू मीणा, सोमरस कुशवाह और गणेश चावला को गिरफ्तार किया है और साथ ही नाबालिग को भी पकड़ा। इसके अलावा अपहरण हुए नाबालिग को भी निरूद्ध किया है। जो फिरौती की रकम मिलने पर मौज-शौक पूरा करना चाहते थे। योजना के तहत उन्होंने ढाई हजार रुपए किराए पर कार ली थी। पुलिस के पीछे पड़ने का पता चलने पर वापस मुहाना आकर एक बिल्डिंग की पार्किंग में कार खड़ी कर दी। कार वाले को पेट्रोल खत्म होने की कहकर जगह बता दी। फिर सभी अपने-अपने घर चले गए थे। जिन्हे पुलिस ने चिन्हित करते हुए पकडा।